राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

# मासिक रिपोर्ट – अक्टूबर 2022

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 1,20,548 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए। NSGM की 8वीं सशक्त समिति की बैठक में स्मार्ट मीटर स्थान-स्थल में परिवर्तन के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। सशक्त समिति ने प्रस्ताव को सहमति नहीं दी और JVVNL को उपभोक्ता जुड़ाव योजनाओं को शुरू करने और दिसंबर 2022 तक पहले से स्वीकृत क्षेत्रों में परियोजना को पूरा करने का निर्देश दिया।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 24,213 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए। NSGM की 8वीं सशक्त समिति की बैठक में परियोजना की समीक्षा की गई और समिति ने CED को 15 दिसंबर 2022 तक फीडर मीटर की तैनाती सहित सभी पहलुओं में परियोजना को पूरा करने का निर्देश दिया।

** सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 12 अक्टूबर 2022 को सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में NSGM की सशक्त समिति की 8वीं बैठक आयोजित हुई।
2. 31 अक्टूबर 2022 को अध्यक्ष CEA की अध्यक्षता में 'स्मार्ट ग्रिड के पूर्ण ढांचे' की सिफारिश करने के लिए गठित विशेषज्ञ समूह की दूसरी बैठक आयोजित हुई।
3. 27 अक्टूबर 2022 को संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में RDSS के तहत यूनिफैड़ बिलिंग सोल्यूशन (UBS) प्रस्ताव की जांच के लिए गठित टास्क फोर्स की पहली बैठक आयोजित हुई।
4. अक्टूबर 2022 में सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में आयोजित RDSS की निगरानी समिति की बैठकों और साप्ताहिक समीक्षा बैठकों निदेशक (प्रभारी) NPMU ने में भाग लिया।
5. 14 अक्टूबर 2022 को वरिष्ठ महाप्रबंधक, NPMU और WUS 2023 की स्थायी समिति के सदस्य ने नई दिल्ली में आयोजित आयोजन समिति की बैठक में भाग लिया।
6. अक्टूबर 2022 तक, विभिन्न स्थानों पर 50.88 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर तैनात किए गए और लगभग 61.87 लाख स्मार्ट मीटर तैनात किए जा रहे हैं (REC, EESL और राज्य डिस्कॉम आदि से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार)।

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**